नैक **(NAAC)** द्वारा **'A'** ग्रेड प्राप्त

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थपित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

हिंदी विश्वविद्यालय में प्रदर्शनी का समापन शनिवार को

वर्धा, 20 सितंबर,2019: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में 'मानव, उद्भव, उद्विकास एवं जैव सांस्कृतिक विविधता' पर लगी प्रदर्शनी को वर्धा और आसपास के विभिन्न महाविद्यालयों तथा विद्यालयों के विद्यार्थियों ने शुक्रवार, 20 सितंबर भेंट कर मानव

विकास के क्रम की जानकारी हासिल की। मानव विज्ञान संग्रहालय नागपुर के डॉ. संजय शुक्ल, ने विद्यार्थियों को प्रदर्शनी का उद्देश्य और मानव के उद्भव, उद्विकास और जैव सांस्कृतिक विविधताओं की जानकारी प्रदान की। विश्वविद्यालय में मानव विज्ञान विभाग के दस वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में लगी प्रदर्शनी देखने शहर के अग्रगामी हाइस्कूल,लोक महाविद्यालय,पोद्दार इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों सहित अभिभावक बड़ी संख्या में पहुंचे।

विश्वविद्यालय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विद्या भवन के सभागार में भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत क्षेत्रीय मानवविज्ञान संग्रहालय नागपुर की ओर से लगायी गयी इस प्रदर्शनी में भारत की विभिन्न जनजातियां, उनकी रहन-सहन,खान-पान एवं संस्कृति को दर्शाया गया है। जनजातियों के भौतिक, सांस्कृतिक एवं आनुवंशिक परिदृश्यों के साथ ही

जनजातियों की अमूल्य सांस्कृतिक विरासत को महत्वपूर्ण जानकारी के साथ प्रदर्शित किया

गया। प्रदर्शनी का समापन शनिवार को प्रात: 10.30 बजे होगा।